Future Leaders Congress Summit in UNO Centre at Bangkok from 4 to 6 August 2019

फ्यूचर लीडर कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे अंकित

जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली : यमुना विहार निवासी अंकित शर्मा को 4 से 6 अगस्त 2019 तक बैंकाक स्थित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सेंटर में आयोजित होने वाले फ्यूचर लीडर कांग्रेस-2019 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। अंकित भारतीय फुटबॉल टीम के लिए खेल चुके हैं और अब दिल्ली टीम के लिए खेल रहे हैं। वे दिल्ली टीम के कप्तान और स्पेन में खेलने वाले पांचवें भारतीय भी रह चुके हैं।

अंकित ने लोधी रोड स्थित वायु सेना बाल भारती स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त की है। फ्यूचर लीडर कांग्रेस संयुक्त राष्ट्र के तहत एक अंतरराष्ट्रीय युवा नेता सम्मेलन है, जिसमें अंकित पॉलिटिक्स, फ्यूचर फ्यूल व बायो डीजल में यूथ की भागीदारी पर बोलेंगे।

भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी से मुलाकात करते अंकित शर्मा • सुधी पाठक

यह दुनिया में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन में से एक है। इस वर्ष की थीम यूथ एक्शन इन 4.0 एरा चैलेंजेस पर आधारित है।

इस उपलक्ष्य में भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने इस सम्मेलन के लिए अंकित से मुलाकात कर उन्हें हमारे राष्ट्र के संदेश को दुनिया तक पहुंचाने के लिए बधाई व आशीर्वाद दिया।